PIONEER (HINDI), Delhi, 11.3.2025
Page No. 9, Size:(20.49)cms X (21.91)cms.

राज्यपाल ने वाराणसी में किया विभिन्न नवीन कार्यों का शुभारंभ

लखनऊ। प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज मंडलायुक्त सभागारए जनपद वाराणसी में कई नवीन कार्यों का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में गैस अथॉरिटी ;गेलद्ध इंडिया लिमिटेड के साथ 6 करोड़ रुपये की लागत से चार समझौता ज्ञापन तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम से संबंधित समझौता ज्ञापन संपन्न हुए जो युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करेगा। राज्यपाल जी ने दिव्यांग साथी पोर्टल का शुभारंभ किया। इसके साथ हीए उन्होंने महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्टेट बैंक ऑफइण्डिया के सहयोग से प्रधानाचार्यों को सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनों एवं इन्सिनेरेटर तथा गैस अथॉरिटी ;गेलद्ध इंडिया लिमिटेड के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्रों हेतु 600 आंगनबाड़ी कीटों का वितरण किया। इसके साथ ही सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी केंद्रों पर संस्कार की पाठशाला हेतु स्वैच्छिक सेवायें दे रहे 5 महापुरुषों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

माननीय राज्यपाल जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद में स्थित लगभग सभी दो हजार से ज्यादे आंगनबाड़ी केंद्रों का सुदृढ़ीकरण आज पूरा हो जायेगा। उन्होंने 1998 में अपने गुजरात सरकार में महिला एवं बाल विकास विभाग के मंत्री के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण हेतु किये गये प्रयासों की जानकारी सभी को दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार गांव की महिलाओं को केंद्रों में वरीयता दी गयी ताकि कार्यों को गति दी जा सके। उन्होंने केंद्रों पर अच्छे से खाना पकानेए बच्चों को पौष्टिक आहार देने को कहा ताकि बच्चों को कुपोषित होने से बचाया जा सके। उन्होंने बेटा.बेटी में भेदभाव न करने का संदेश देते हुए बच्चियों को शिक्षित करने तथा उनके स्वास्थ्य की देखभाल करने तथा बच्चियों के भविष्य की जिम्मेदारी संभालने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गांव का कोई बच्चा नहीं छूटने पायेए ये सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है की बच्चों को केंद्रों तक पहुंचाये।

उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों की सुपरवाइजरए सीडीपीओ तथा कार्यकत्रियों को अपनी ज़िम्मेदारियों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी से करने को कहा। कार्यकत्रियों को बच्चियों के स्वास्थ्य परीक्षणए उनके खेलए योगए आदि पर ध्यान देते हुए विद्यालयों में लगातार हेल्थ कैंप लगाने को कहा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को मजबूत होना चाहिये तभी परिवार आगे बढ़ेगा। महिलाएं किसी बीमारी को छुपाएं नहींए जानकारी होते ही तुरन्त उसके उपचार हेतु प्रयास करें ताकि ससमय उसका इलाज किया जा सके। आज एन0एस0ई0 द्वारा भी एक समझौता किया गया है जिसमें महिलाओं को भी शेयर मार्केट की भी जानकारी दी जायेगी की किस प्रकार पैसे को कैसे निवेश करें ताकि उसका उचित लाभ मिल सके। उन्होंने सभी को इसकी जानकारी देने को कहा ताकि आमजनों को भी इसका लाभ मिल सके जिससे वो अपने परिवार को आगे ले जा सकें।

उन्होंने प्रशासन के प्रयास संस्कार की पाठशाला की भी तारीफ करते हुए इसको और आगे बढ़ाने को कहा। उन्होंने दिव्यांग साथी पोर्टल पर शकुंतला पुनर्वास विश्वविद्यालय को भी जानकारी उसमें अंकित करने को कहा ताकि लोगों को उक्त विद्यालय की जानकारी हो सके जिससे दिव्यांग लाभान्वित हो सकें। उन्होंने एसबीआईए गेलए एनएसई को वाराणसी में सुदृढ़ीकरण के कार्य पूरे होने के बाद अब नये जिलों के आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुदृढ़ करने के प्रयास करने को कहा। उन्होंने बताया की अयोध्या में कुल नये 75 आंगनबाड़ी केंद्र बनने की शुरुआत हुई है। जहां भी केंद्र नहीं है वहाँ आंगनबाड़ी केंद्र बनाने के लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।